कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 14/09/2025

विषयः-थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा एक अदद लोहे का राड के साथ एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना चेतगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 198/2025 धारा 132/351(3)/324(4) बीएनएस व 2/3/5 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी से सम्बंधित अभियुक्त कपिल चौरसिया पुत्र स्व0 अजय कुमार चौरसिया निवासी सी 13/144 लहंगपुरा औरंगाबाद थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-दिनांकः- 13/09/2025 को उ0नि0 कुमार गौरव सिंह चौकी प्रभारी पानदरीबा थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी चौकी कार्यालय में बैठकर प्रा0 पत्र की जाँच कर रहा था कि एक सिरफिरा व्यक्ति लोहे का राड लेकर आया और चौकी पर लगे दोनो तरफ के शीशा गाली गलौज करते हुए अचानक बाहर से ही लोहे की राड से मारकर शीशा तोड़ते हुए धमकी देने लगा तथा मौके पर मै उ0नि0 मय हमराह हे0का0 कमलेश यादव को भी चोट पहुँचाने का प्रयत्न कर रहा था को घेर कर हिरासत पुलिस लिया गया।

पूछताछ का विवरण-

पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए सरकारी संपत्ति को तोड़ने का कारण पूछा तो अपना नाम कपिल चौरसिया पुत्र स्व0 अजय कुमार चौरसिया निवासी सी 13/144 लहंगपुरा औरंगाबाद थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी बताया तथा उम्र करीब 35 वर्ष बताया। सरकारी सम्पत्ति नुकसान करने के सम्बन्ध में बताया कि मेरा अपनी पत्नी ज्योति चौरसिया से पारिवारिक विवाद है। जो पिछले 05 वर्ष से अलग अपने मायके हुकुलगंज में रह रही है। हम दोनो का मामला भरण पोषण व विदाई का वाद वाराणसी न्यायालय में चल रहा है। मेरी पत्नी मुझे अपने बच्चों से नहीं मिलने दे रही है। इसी सब बात को लेकर आज मेरी अपनी माँ से भी कहा सुनी हुई उसके बाद घर से लोहे का राड लेकर आज पुलिस चौकी पानदरीबा पर हमला करने के लिए आया। और शीशा तोड़ा कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- कपिल चौरसिया पुत्र स्व0 अजय कुमार चौरसिया निवासी सी 13/144 लहंगपुरा औरंगाबाद थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- 01 अदद लोहे का राड।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक 13/09/2025 को स्थान- पानदरीबा चौकी थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी से।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री दिलीप कुमार मिश्रा थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव सिंह चेतगंज कमि0 वाराणसी थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
3. हे0का0 कमलेश यादव थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी